'उन्नत बकरी पालन' विषय पर अनुसूचित जाति के किसानों के लिए तीन दिवसीय (11-13 दिसंबर 2024) प्रशिक्षण कार्यक्रम

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना में दिनांक 11-13 दिसंबर , 2024 तक अखिल भारतीय बकरी सुधार समन्वित शोध परियोजना के अंतर्गत पूर्वी चंपारण जिले के खटीमाल गांव , चकिया प्रखंड के कुल 26 किसानों (22 महिला एवं 4 पुरुष) ने'उन्नत बकरी पालन' विषयपर आयोजित प्रशिक्षण में भाग लिया | किसानों को बकरी पालन के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई | इस प्रशिक्षण के अंतर्गत किसानों को वैज्ञानिकों द्वारा बकरी पालन से संबंधित आवास प्रबंधन, उत्तम नस्ल की बकरी का चयन, आहार एवं स्वास्थ्य प्रबंधन, समेकित बकरी पालन इत्यादि के बारे में जानकारी दी गई |इस प्रशिक्षण में निदेशक डॉ. अनुप दास ने अधिक मुनाफे के लिए नस्लों के चयन पर बल दिया और किसानों का उत्साहवर्धन किया |